Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding request to the Government to hold talks with the Government of Bangladesh on the export rates of oranges.

श्री रामदास तडस (वर्धा): अध्यक्ष जी, सदन के माध्यम से माननीय वाणिज्य मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि किसानों का इस साल संतरा उत्पादन में अधिक नुकसान हुआ है। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरावती जिले के वरुड मोरशी तहसील संतरा उत्पादन के मामले में बड़ा क्षेत्र माना जाता है, जहां कि किसान इस साल परेशानी में आ गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश ने भारतीय संतरे पर एक्सपोर्ट रेट बढ़ा दिया है। इससे बांग्लादेश में विदर्भ के संतरे की आपूर्ति महंगी होने के कारण सप्लाई काफी कम हो गई है। किसान परेशान हैं। एक्सपोर्ट रेट महंगा होने के कारण किसान बांग्लादेश को संतरा नहीं भेज रहा है।

महोदय, बांग्लादेश सरकार द्वारा आयात शुल्क बढ़ाने का निर्णय लेने के बाद संतरों की कीमत पर इतना असर पड़ा है कि इसके दाम तेजी से नीचे गिर गए हैं। इस वजह से 10 से 12 हजार का नुकसान प्रतिदिन किसानों को हो रहा है। दो सप्ताह के पहले 25 हजार से 35 हजार रुपये प्रति टन संतरा बिक रहा था और अब रेट गिरकर 18 से 20 हजार रुपये प्रति टन पहुंच गया है। पिछले कुछ सालों से संतरे के लिए महाराष्ट्र का विदर्भ बड़ा मार्केट है। यहां से हजारों टन संतरा बांग्लादेश में भेजा जा रहा है। मेरा आपसे आग्रह है कि इसे महत्वपूर्ण समस्या मानकर संतरा उत्पादक किसानों को संतरे का सही दाम दिलाने के लिए बांग्लादेश सरकार से वार्ता करके समस्या का निदान करने की कृपा करें।